फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री पुखराज रांका निवासी आर.के.कॉलोनी, आसींद, तहसील आसींद जिला भीलवाडा

— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 14 / 2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 12.05.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये पत्र क्रमांक :– प0सू.अ.2005 / 2025 / 910–911 दिनांक 28.04.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना फर्जी पट्टा जारी कर मिली भगत कर पंजीयन किये जाने संबंधी सूचना चाही गई हैं। आवेदक द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय से संबंधित नही होकर उपलब्ध नही होने से वांछित सूचना शून्य हैं। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना इस कार्यालय से संबंधित नही होकर उपलब्ध नही होने से वांछित सूचना शून्य हैं। वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम के कार्यालय की नही होने से उक्त अपील को खारिज किया जाता हैं। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)